हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

04 चाचौड़ा-बीनागंज में दशहरे की तैयारियां तेज, 51-51 फीट...



07 दो बेटियों के बाद तीसरी बेटी ने भी फांसी लगाकर की खुदकुशी



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

## समाचार संक्षेप

### प्रताप छात्रावास की नवदुर्गा झांकी में महाआरती, उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु



**गुना।** हेड पोस्ट ऑफिस रोड स्थित प्रताप छात्रावास पर नवदुर्गा झांकी समिति द्वारा सजाई गई मां दुर्गा की झांकी में शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर महाआरती का आयोजन किया गया। आठ वर्षों से लगातार आयोजित हो रही इस झांकी में शनिवार को बैंड-बाजों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंडित नवीन भार्गव के सानिध्य में मां जगदंबा की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। झांकी स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी वितरण किया जा रहा है। यह सेवा लोकेश अग्रवाल एवं उनके साथियों द्वारा की जा रही है। महाआरती के अवसर पर अर्जुन कश्यप, तरुण केवट, उदित शर्मा, अर्जुन ओझा, हर्ष ओझा, अंशुल रघुवंशी, प्रिंस श्रीवास और यश शर्मा सहित मोहल्ले की महिला शक्ति एवं बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारों के साथ अपनी आस्था प्रकट की।

### चेतना साहित्य एवं कला परिषद की बैठक संपन्न

**गुना।** चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना की बैठक विघ्नहरण बालाजी मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से माइक सेट खरीदने तथा परिषद द्वारा भविष्य में खरीदी जाने वाली सामग्री कार्यालय में रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही शीघ्र ही परिषद की काव्य पुस्तक प्रकाशित कराने पर विचार किया गया। परिषद के सदस्यों से दीपावली तक अपनी कम से कम 10 मौलिक रचनाएं, जीवन परिचय सहित टाइप कराकर आशीर्वाद भवन, नयापुरा गुना में जमा कराने का आग्रह किया गया, ताकि पुस्तक प्रकाशन को अंतिम रूप दिया जा सके। बैठक की अध्यक्षता परिषद के संस्थापक एवं संरक्षक विष्णु साथी तथा नरेंद्र भार्गव पद्म ने की। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेम सिंह प्रेम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामवीर शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष ब्रह्मभट्ट, सचिव कीर्ति मोरोलिया, संगठन सचिव धर्मवीर सिंह, अमित शर्मा उर्फ बबलू, मीडिया प्रभारी उमाशंकर भार्गव, संरक्षक देवेंद्र उपाध्याय, रवि शर्मा बंजारा, शिवदयाल सिंह भदौरिया एवं अंकेक्षक हरीश सोनी उपस्थित रहे।

### भाजपा ने डॉ. भूपेंद्र धाकरे को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक दायित्वों के तहत डॉ. भूपेंद्र धाकरे को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, जिला गुना का जिला संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से जिले में चिकित्सा प्रकोष्ठ की गतिविधियों को नई गति मिलने तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विषयों पर संगठनात्मक कार्यों को मजबूती मिलने की उम्मीद है।



डॉ. भूपेंद्र धाकरे की नियुक्ति पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे तथा चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों को संगठन से जोडक़र जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। अपनी नियुक्ति पर डॉ धाकरे ने वरिष्ठ नेतृत्व को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों को प्रोत्साहित करना है और वे चिकित्सा प्रकोष्ठ इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

# 5 साल से जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे थे रहवासी, आपसी सहयोग से बनाई सीसी सड़क

## फुलवारी कॉलोनी में रहवासियों ने खुद बनाई सड़क, हर्षोल्लास से मनाया सड़क उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



एबी रोड स्थित फुलवारी कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर रहवासियों द्वारा नवनिर्मित रोड का सडक़ोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मोहल्ला सुधार समिति के संयोजक अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने बताया कि आयोजन की शुरुआत सुबह 6 से 8 बजे तक कॉलोनीवासियों द्वारा मार्ग पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाकर की गई। इसके बाद पंडित वेदप्रकाश शर्मा द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया गया तथा श्रीराम जानकी मंदिर की भजन मंडली ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। ढोलक की थाप और भजनों पर रहवासी झूमते नजर आए।

सेंगर ने बताया कि विगत पांच वर्षों से कॉलोनीवासी जर्जर सडक़ की समस्या से जूझ रहे थे। नगर पालिका प्रशासन, स्थानीय विधायक और सांसद से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब सडक़ नहीं बनी, तो रहवासियों ने खुद बीड़ा उठाया। 19 जुलाई 26 से कार्य शुरू कर आपसी सहयोग से 25 फुट चौड़ी और 340 फुट लंबी सीसी रोड का निर्माण पूरा कराया गया। यह मुख्य मार्ग बाहुबली पुरम, पार्श्वनाथ और बालाजी पुरम को ए बी रोड से जोड़ता है। सडक़ खराब होने से ऑटो चालक कॉलोनी में आने से मना करते थे या मनमाना किराया वसूलते थे। हालांकि, सडक़ का पिछला हिस्सा अभी भी नगर पालिका के निर्माण की प्रतीक्षा में है।

सडक़ोत्सव में बनवारीलाल दीक्षित, नवल किशोर मीना, के एल नामदेव, रीतेश शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश माथुर, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, रमेश कटियार, चौथमल शर्मा, कमलेश राठौर, पवन कुमार, प्रमोद भार्गव, जैनुद्दीन, वीरेन्द्र सिंह अहिरवार, डॉ. नीरज मीना, सुरेश मीना, गणेश राम लोधा, डॉ. उदय नादिया, राकेश मीना, पंकज नामदेव और देवेन्द्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### न जनप्रतिनिधियों ने दिया ध्यान, तीन साल की गुहार के बाद रहवासियों ने खुद चंदा जुटाकर बनाई पुलिया

शहर में विकास के दावों की पोल खोलती एक और बानगी सामने आई है, जहां गोपालपुरा क्षेत्र के रहवासियों ने सरकारी तंत्र की अनदेखी से तंग आकर खुद ही पुलिया का निर्माण करवा लिया है। भगतसिंह कॉलोनी और गोपालपुरा के बीच पुरानी नहर पर पुलिया न होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। रहवासियों के अनुसार, वे पिछले तीन वर्षों से नाली और पुलिया निर्माण के लिए नगरपालिका से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक गुहार लगा रहे थे। बार-बार चक्कर काटने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो स्थानीय लोगों ने सरकारी मदद की आस छोड़ दी। इसके बाद सभी ने आपस में चंदा एकत्रित किया और खुद के श्रम व पैसे से पुलिया का निर्माण कार्य पूरा कर लिया। यह मार्ग भगतसिंह कॉलोनी और गोपालपुरा को आपस जोड़ते हुए एबी रोड तक जाता है, जिसका उपयोग लोडिंग वाहनों और रहवासियों द्वारा किया जाता है। मुख्य सडक़ पर जाम लगने की स्थिति में भी यह रास्ता वैकल्पिक रूप से बेहद उपयोगी साबित होता है। बावजूद इसके, इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

### कैंट क्षेत्र में चौकीदार के सूने मकान में चोरी

**गुना।** जिले के कैंट थानांतर्गत टेकरी रोड पर नेशनल हाईवे और कुशवाह ढाबे के पास चोरी का एक अनूठा मामला सामने आया है। बेखौफ बदमाशों ने खेत में रहकर चौकीदारी करने वाले एक गरीब परिवार के सूने घर को निशाना बनाते हुए नकदी, जेवरात और पालतू बकरे पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना गत दोपहर करीब 4:30 बजे की है। पीड़ित कैलाश पुत्र हरिराम कुशवाह खेत की रखवाली का काम करता है। घटना के वक्त वह किसी काम से बाजार गया हुआ था। इसी दौरान सूना मकान देखकर चोर घर में घुस आए। बदमाश गुल्लक तोडक़र उसमें रखे लगभग 2 हजार रुपए नकद, चांदी की पायल तथा अन्य घरेलू सामान के साथ-साथ परिवार का सफेद रंग का बकरा भी चुराकर ले गए। पीड़ित परिवार के लिए यही छोटी-सी जमापूंजी सहारा थी, जिसके जाने से वे बेहद बेबस हैं। पीड़ित ने कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन आरोप है कि पुलिस द्वारा अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई है।

## जयस्तंभ चौराहे से सदर बाजार तक रही भारी भीड़, मुख्य मार्गों पर रेंगते रहे वाहन

# महाअष्टमी पर मां दुर्गा की आराधना झांकियां देखने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शक्ति की भक्ति का पावन पर्व शारदीय नवरात्र अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुका है। महाअष्टमी के पावन अवसर पर समूचा गुना शहर देवी मां की आराधना में लीन नजर आ रहा है। घरों से लेकर प्रमुख देवी मंदिरों और सार्वजनिक पूजा पंडालों में भोर से ही विशेष पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार का दौर जारी है। सप्तमी से शुरू हुआ कुल देवियों के पूजन का सिलसिला महाअष्टमी पर भी पूरी आस्था और विधान के साथ जारी रहा, जो महानवमी के दिन भी संपन्न होगा।

नवरात्र के अंतिम दिनों में शहर की भव्य और आकर्षक झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। गत शाम ढलते ही सडक़ों पर दर्शनार्थियों का जमावड़ा शुरू हो गया था, जो देर रात तक बना रहा। रात नौ बजे के बाद स्थिति यह रही कि शहर के मुख्य व्यावसायिक मार्गों पर पैदल चलने तक की जगह नहीं बची। जयस्तंभ चौराहे से लेकर कैंट रोड, सदर बाजार, हाट रोड और जिला अस्पताल के पीछे. वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते चौपहिया व दोपहिया वाहन रेंग-रेंग कर चलते दिखाई दिए।

### यातायात डायवर्जन की मांग, मुस्तैद दिखी पुलिस

चूंकि महाअष्टमी झांकियों के भव्य प्रदर्शन का अंतिम मुख्य दिन माना जाता है, इसलिए शहर में रिकॉर्ड भीड़ जुटी। बढ़ती भीड़ को देखते हुए विभिन्न झांकी समितियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रमुख मार्गों पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर यातायात डायवर्ट किया जाए, ताकि मुख्य सडक़ों पर जाम के हालात पैदा न हों। हालांकि, यातायात पुलिस लगातार चौकस नजर आ रही है। शनिवार देर रात तक स्वयं यातायात थाना प्रभारी जयस्तंभ चौराहे पर खड़े होकर व्यवस्था संभालते और यातायात सुचारू कराते नजर आए।

महाअष्टमी के अवसर पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक घर-घर में मां जगदंबा की विशेष पूजा-अर्चना की गई और कन्या भोज के आयोजन शुरू हुए। वहीं सोमवार को महानवमी के पावन पर्व पर कुलदेवी पूजन के साथ नवरात्र का पारण होगा। दूसरी ओर, दशहरा मैदान पर विजयादशमी पर्व को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जहां अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इधर शहर में दुर्गा नवमी और विजयदशमी के पावन पर्व पर इस बार भी पारंपरिक तरीके से एक विशाल एवं भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।

विराट हिंदू उत्सव समिति व चिंतन मंच के संयोजक कैलाश मंथन ने जानकारी दी है कि प्रतिवर्षानुसार चलित झांकियां देर रात शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए हनुमान चौराहा मंदिर पर एकत्रित होंगी, जहाँ माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की विशेष पूजा-अर्चना के बाद समिति द्वारा चल समारोह का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान नवमी की रात से विजयादशमी की शाम तक प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला चलेगा। उत्कृष्ट झांकियों को माँ अंबे सम्मान पत्र और विशेष चिंतन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। महानगरों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इस वर्ष नवरात्र महोत्सव ऐतिहासिक रूप से मनाया गया है।

# अभ्युदय क्लब ने सहारिया बालिका छात्रावास में मनाई नवरात्रि

## कन्या भोज कर बांटे उपहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नवरात्रि के पावन पर्व पर सेवा, समर्पण और संस्कारों की भावना को साकार करते हुए अभ्युदय क्लब द्वारा नवरात्रि की सप्तमी पर खेड़ापति स्थित सहारिया आदिवासी बालिका छात्रावास में कन्या भोज, इनरवियर वस्त्र एवं फूड पैकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं से आत्मीय जुड़ाव स्थापित करना, उनकी आवश्यकताओं को समझना और उनके साथ खुशियां साझा करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मीनू विजयवर्गीय, सचिव रीनू शिवहरे, कोषाध्यक्ष मिनी बंसल एवं संस्थापक रेनू अग्रवाल उपस्थित रहीं। विशेष सहयोगी के रूप में यशा जैन, रूपम मुद्गिल, टिनल जैन एवं सेमी गुप्ता ने सहभागिता की। प्रारंभ में सेवा भारती सहारिया आदिवासी छात्रावास की उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल ने छात्रावास की गतिविधियों, व्यवस्थाओं और बालिकाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इसके बाद क्लब की सदस्यों ने छात्रावास का निरीक्षण कर भोजन व्यवस्था, दैनिक गतिविधियों और बालिकाओं की आवश्यकताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझने का प्रयास किया। नवरात्रि के उल्लासपूर्ण माहौल में बालिकाओं के साथ गरबा नृत्य भी किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के भविष्य और उनकी आगामी गतिविधियों को लेकर भी सार्थक चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव रीनू शिवहरे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अष्टमी पर साधना शिविर में मां महागौरी की उपासना भाग्य व परिस्थितियों की भूमिका पर की चर्चा

**गुना।** चेतना समूह द्वारा शारदीय नवरात्रि में आयोजित 27वें नवदिवसीय विशेष साधना शिविर के अष्टम दिवस पर मार्गदर्शक भैया श्री दिनेश अग्रवाल ने मां महागौरी की आराधना का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि अष्टमी मां महागौरी को समर्पित है और उनकी उपासना सर्वकल्याणकारी मानी गई है। मां की कृपा से आध्यात्मिक उन्नति, सिद्धियों की प्राप्ति और कठिन परिस्थितियों से उबरने की शक्ति मिलती है। भक्तों को एकनिष्ठ भाव से मां के चरणों में समर्पित होकर निरंतर उपासना और प्रार्थना करनी चाहिए। चेतना साधक विकास जैन ने बताया कि भारतीय सनातन धर्म, संस्कृति और अध्यात्म की परंपराओं से परिचित कराने के क्रम में रविवार को भैया श्री दिनेश अग्रवाल ने अष्टावक्र गीता के आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक और व्यावहारिक पक्षों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सफलता का श्रेय केवल कर्मों को देकर अहंकार करना और असफलता के लिए भाग्य को दोष देना उचित नहीं है। जीवन में कर्म के साथ परिस्थितियों और प्रकृति की व्यवस्थाओं की भी भूमिका रहती है। इसलिए आत्मचिंतन, स्वीकारभाव और विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करते रहना चाहिए।

### खेजड़ाखुर्द में तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी को मारी टक्कर, हादसे में शिक्षक घायल

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत तेज रफ्तार और लापरवाही का एक मामला सामने आया है, जहां एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इस सडक़ हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खेजड़ाखुर्द निवासी 40 वर्षीय महेश पुत्र शिवनारायण मीना गत सुबह अपनी टीवीएस स्कूटी से स्कूल मनोहरखेड़ी जा रहे थे। रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल के चालक मोहरसिंह ढीमर ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सडक़ पर गिरे शिक्षक के बाएं कंधे, सीने, दोनों हाथों और शरीर पर गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्टाफ साथी रूपसिंह मीना ने उन्हें तुरंत बीनागंज के मीनेश अस्पताल पहुंचाया, जहां से बाद में ब्यावरा के निदान अस्पताल में इलाज कराया गया।

## निशुल्क हेल्थ कैंप में उमड़ी मरीजों की भीड़

# शिविर में 110 मरीजों की जांची सेहत, बांटी निशुल्क दवाइयां



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जरूरतमंद और गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले निशुल्क हेल्थ कैंप में इस बार भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। कैंप में गुना सहित आसपास के जिलों से आए मरीजों की निशुल्क जांच की गई और बीपीएल कार्डधारी मरीजों को दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में लगभग 110 मरीजों को लाभ मिला। कैंप का शुभारंभ डॉक्टर राजपूत के पिता श्री रामस्वरूप राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज सेवा के कार्यों में सभी को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए। जरूरतमंदों की सहायता करना और उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। डॉक्टर राजपूत द्वारा आयोजित इस निशुल्क हेल्थ कैंप में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज भी पहुंचते हैं, जिन्हें जटिल ऑपरेशन की आवश्यकता होती है। शिविर के माध्यम से मरीजों को उचित परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी सहायता मिल रही है। डॉक्टर राजपूत के साथ उनकी टीम भी मरीजों की सेवा में जुटी रहती है। विदिशा जिले से आईं मरीज सुशीला बाई ने बताया कि इस तरह के डॉक्टर हर जिले में होने चाहिए, ताकि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सके और उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

**अपने खर्च पर उपलब्ध कराते हैं दवाइयां:** डॉक्टर राजपूत के इस सेवा कार्य की खास बात यह है कि वे अवकाश के दिन भी मरीजों को निशुल्क देखते हैं। कैंप में बीपीएल कार्डधारी मरीजों की जांच के साथ उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। जानकारी के अनुसार, दवाइयों का खर्च डॉक्टर राजपूत स्वयं वहन करते हैं।

## रामलीला के 12वें दिन हुआ विभीषण शरणागति और रामेश्वर स्थापना का मनमोहक मंचन

# रावण ने विभीषण को अपमानित कर लंका से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वावधान में आयोजित भव्य रामलीला के बारहवें दिन विभीषण शरणागति और रामेश्वर स्थापना की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम की शरणागत वत्सलता, धर्म के प्रति समर्पण और अधर्म के विरुद्ध खड़े होने के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। लीला के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने धार्मिक प्रसंगों का आनंद लिया।

रामलीला के मंचन में दिखाया गया कि जब लंकापति रावण माता सीता को लंका में बंदी बनाकर रखता है, तब उसका भाई विभीषण उसे समझाने का प्रयास करता है। विभीषण रावण को सलाह देता है कि वह माता सीता को ससम्मान भगवान श्रीराम को लौटा दे और अपने अहंकार का त्याग कर प्रभु श्रीराम की शरण में आ जाए। विभीषण उसे समझाता है कि भगवान श्रीराम से शत्रुता करना उचित नहीं है और धर्म के मार्ग पर चलने में ही सबका कल्याण है।

लेकिन अहंकार में डूबा रावण विभीषण की सद्बुद्धि भरी बातों को स्वीकार नहीं करता। वह क्रोधित होकर विभीषण का अपमान करता है और उसे लंका से बाहर निकाल देता है। रावण के इस व्यवहार से स्पष्ट होता है कि अहंकार व्यक्ति को सही और गलत के बीच अंतर समझने से रोक देता है।

### भगवान श्रीराम ने विभीषण को दी शरण

लंका से निष्कासित होने के बाद विभीषण भगवान श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं। वहां भगवान श्रीराम उनका स्वागत करते हैं और उन्हें अपने आश्रय में स्वीकार करते हैं। प्रभु श्रीराम विभीषण को आश्वस्त करते हैं कि जो व्यक्ति सच्चे मन से उनकी शरण में आता है, उसकी रक्षा करना उनका धर्म है। इसके बाद भगवान श्रीराम विभीषण को लंका का भावी राजा घोषित करते हैं। इस प्रसंग के माध्यम से दर्शकों को संदेश दिया गया कि व्यक्ति की पहचान उसके कुल या परिवार से नहीं, बल्कि उसके विचारों, आचरण और धर्म के प्रति निष्ठा से होती है। विभीषण का प्रसंग सत्य का साथ देने और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। रामलीला के अगले प्रसंग में भगवान श्रीराम द्वारा समुद्र तट पर भगवान रामेश्वर शिवलिंग की स्थापना का मंचन किया गया। लंका पर विजय प्राप्त करने और माता सीता को रावण के बंधन से मुक्त कराने के उद्देश्य से आगे बढ़ रही श्रीराम की सेना समुद्र तट पर पहुंचती है।

## समाचार संक्षेप

### तालाब में डूबने से 18 वर्षीय बालक की मौत खबर फैलते ही गांव में शोक का माहौल

**चाचौड़ा।** गुना जिले की चाचौड़ा तहसील के ग्राम सिंगापुर में तालाब में डूबने से 18 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार, ग्राम सिंगापुर निवासी आदीप गुर्जर, पिता भगवान सिंह गुर्जर, भैंस चराने के लिए गया था। इसी दौरान पास में स्थित पानी से भरे तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर चाचौड़ा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर बालक के शव को तालाब से बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### विसर्जन स्थल और दशहरा मैदान का निरीक्षण



**कुम्भराज।** नगर परिषद के सीएमओ लीलाधर सेन और थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने माताजी की झांकियों का विसर्जन स्थल पार्वती नदी पर अपने दल बल के साथ निरिक्षण किया, जहाँ शासन के निर्देश अनुसार सुरक्षा और संरक्षा लोगों को मुहैया की जानी है,लेकिन ये राघौगढ़ क्षेत्र होने से यहां की नजदीकी ग्राम पंचायत नीमखेड़ी के सरपंच और सचिव द्वारा की जाएगी जिसमें सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये जावेंगे जिससे कोई दुर्घटना घटित नहीं हो सके इस आशय की जानकारी देते हुए सीएमओ ने बताया कि सभी प्रकार की व्यवस्था उक्त ग्राम पंचायत द्वारा की जावेंगी वही तहसीलदार कुलदीपसिंह जादौन के निर्देश अनुसार पार्वती नदी पर नगर परिषद के कर्मचारी, कोटवार और पुलिस के जवान मोके मोके पर अपनी ड्यूटी करेंगे जो वहाँ के सरपंच और सचिव के निर्देश अनुसार सारी व्यवस्था संभालेंगे। ज्ञातव्य हो कि कुम्भराज नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की दर्जनों झाकिया पार्वती नदी पर विसर्जन हेतु जाती है। इस दौरान माता की बिदाई के पूर्व पूजन अर्चना और आरती उतारकर प्रसाद वितरण होकर माता की बिदाई की रस्म अदा की जावेगी, इस हेतु सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होती है जिससे कोई दुर्घटना घटित नहीं हो सके. प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार की रात्रि को विसर्जन हेतु नगर मे चल समारोह नगर के मुख्य मार्गो से निकालकर नगर के प्रवेश द्वार शिव मंदिर टेकरी पर सभी झाकिया एकत्रित होगी जो वारी वारी विसर्जन हेतु जाएगी. पूर्व मे यहां लोगों के डूबने की घटना हो चुकी है जिसके मद्देनजर प्रशासन कोई जोखिम नहीं लेना चाहता है। इसी तरह विजय दशमी पर शिव मंदिर टेकरी के पास ही दशहरा मैदान मे नगर परिषद द्वारा 51 फुट का रावण और 45-45 फुट के कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतलो का दहन किया जाएगा।

### राघोगढ़ के वैष्णो देवी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में हुआ सुदामा चरित्र का वर्णन

**राघोगढ़।** नवरात्रि के पावन पर्व पर वैष्णो देवी मंदिर में सुदामा चरित्र का वर्णन हुआ। देवगढ़ पहाड़ स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर पर नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन महंत गायत्री देवी दास के सानिध्य में हो रहा है। श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता अभिषेक पारीक जी(जटेरि) उज्जैन वाले के मुखरविंद से की जा रही है। कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया बड़ी संख्या में माता के भक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे 19/10/2026 सोमवार को कथा का समापन एवं 19/10/2026 सोमवार से 24 घंटे की राम धुन मन्दिर प्रगंण मे प्रारंभ होगी। श्रद्धालु जन अधिक से अधिक संख्या मे पधारकर धर्म लाभ लें ।

### नगर परिषद अध्यक्ष और पुलिस अधिकारियों ने आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

# चाचौड़ा-बीनागंज में दशहरे की तैयारियां तेज, 51-51 फीट के रावण का होगा दहन, जांची सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दशहरा पर्व को लेकर चाचौड़ा और बीनागंज नगरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व को लेकर दोनों नगरों में उत्साह का माहौल है। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी चाचौड़ा और बीनागंज में अलग-अलग स्थानों पर लगभग 51-51 फीट ऊंचे रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा। पर्व को लेकर आयोजन समितियों के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। दशहरा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सुनीता नाटानी, थाना प्रभारी दिलीप कुमार राजोरिया तथा बीनागंज चौकी प्रभारी नीरज लोधी ने उत्कृष्ट विद्यालय बीनागंज पहुंचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर रावण दहन कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से आयोजन स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन तथा पर्व के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित पहलुओं पर ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने आयोजन स्थल की स्थिति का जायजा लेते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि रावण दहन के समय नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। दशहरा जैसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों में बड़ी संख्या में नागरिकों के शामिल होने की संभावना रहती है। ऐसे में आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ को नियंत्रित रखने और कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रशासनिक स्तर पर की जा रही तैयारियों का उद्देश्य पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति को रोकना और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि लोग परिवार सहित दशहरा उत्सव में शामिल होकर रावण दहन कार्यक्रम का आनंद ले सकें।

### दोनों नगरों में दिखेगा दशहरे का उत्साह

चाचौड़ा और बीनागंज में अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होने से दोनों नगरों में दशहरा पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिलेगा। लगभग 51-51 फीट ऊंचे रावण के पुतलों का दहन पर्व का प्रमुख आकर्षण रहेगा। दशहरा पर्व धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता का भी प्रतीक है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हैं।

### श्री राम युवा शक्ति संगठन द्वारा नवदुर्गा झांकी का आयोजन

**गुना।** शहर की श्री राम कॉलोनी, मालपुर रोड पर इस वर्ष नवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर श्री राम युवा शक्ति संगठन नवदुर्गा झांकी समिति द्वारा भव्य एवं आकर्षक देवी झांकी की स्थापना की गई है। झांकी स्थल पर प्रतिदिन सुबह-शाम महाआरती और पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालु पहुँचकर माँ जगदंबा का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन को भव्य रूप देने और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए समिति के युवा मुस्तैदी से लगे हुए हैं। झांकी के सफल संचालन और सुरक्षा व प्रकाश व्यवस्था में छोटू मराठा, शुभम मराठा, सागर मराठा, वंश मराठा, अभिषेक चौहान, अंशु यादव, विशाल यादव, विशाल ठाकुर और यश जोशी सहित संगठन के तमाम कार्यकर्ता दिन-रात अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। समिति के सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से झांकी स्थल पहुँचकर माँ दुर्गा के दर्शन व महाआरती का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# कन्या पूजन एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांचौड़ा में गरिमामयी माहौल में कन्या पूजन एवं भोजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गोपाल जी पांडा सहित प्रबंध समिति के समस्त सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।पूर्व छात्रों ने दी वाद्य यंत्रों की सौगातकार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि सत्र 2003 के कक्षा 8वीं उत्तीर्ण करने वाले पूर्व छात्रों द्वारा विद्यालय में दैनिक वंदना एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए नए वाद्य यंत्र भेंट किए गए। इस सराहनीय पहल के लिए प्रबंध समिति एवं विद्यालय परिवार ने पूर्व छात्रों का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी विद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

**विद्यालय विकास में हर संभव मदद का आश्वासनः** समारोह में उपस्थित पूर्व छात्रों भैया गिर्राज वर्मा, अर्पित पालीवाल, गौरव पालीवाल एवं अन्य साथियों ने अपने पुराने संस्मरण साझा करते हुए विद्यालय के विकास और उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहने तथा हर संभव मदद प्रदान करने का दृढ़ विश्वास दिलाया।

# नौ देवियों के दिव्य स्वरूपों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

रामानंद झांकी समिति, बीनागंज द्वारा आयोजित मां जगदंबा महारानी की भव्य झांकी में नौ देवियों, मां काली एवं भगवान शंकर के दिव्य स्वरूपों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आकर्षक सजावट और जीवंत धार्मिक प्रस्तुतियों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। माता रानी के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।बीनागंज में तेज बारिश के बावजूद मां जगदंबा महारानी की झांकी निरंतर जारी रही। बारिश भी श्रद्धालुओं के उत्साह और समिति के सदस्यों की सेवा भावना को डिगा नहीं सकी। समिति के सदस्य पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ व्यवस्थाएं संभालते रहे।

उनके आपसी सहयोग और अथक प्रयासों से झांकी को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नौ देवियां शक्ति, साहस और धर्म की रक्षा की प्रतीक हैं, जबकि मां काली बुराई और अन्याय के विनाश का संदेश देती हैं। वहीं भगवान शंकर कल्याण, शांति और आध्यात्मिक शक्ति के आराध्य हैं।

# नवरात्रि पर सेवा समिति ने किया शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

नवरात्रि के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में गायत्री कॉलोनी सेवा समिति द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री सोनू नाथ योगी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में पूज्य अशोक जी सिंघल की 100वीं जन्म जयंती पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों एवं योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बहन को आत्मरक्षा के लिए तलवार चलाने का प्रशिक्षण आना चाहिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके। सोनू नाथ योगी ने सभी सनातनी भाइयों से आह्वान किया कि वे भाई दूज के पावन अवसर पर अपनी-अपनी बहनों को एक-एक तलवार भेंट करें। उन्होंने आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता और बहनों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रखंड अध्यक्ष दीपक जैन ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

# जागेश्वरी माता मंदिर मार्ग पर लटकती शटरिंग दे रही बड़े हादसे को न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

### ठेकेदार की बड़ी लापरवाही उजागर



प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता जागेश्वरी के दरबार में जारी शारदीय नवरात्रि पर्व के चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु माँ के दर्शनों के लिए पहुँच रहे हैं। अधिकांश श्रद्धालु चार पहिया और दो पहियाँ वाहनों से थाना परिसर के आगे से होकर किलकोटी मार्ग के रास्ते माता के दरबार में हाजिरी लगाने जाते हैं। लेकिन इस मुख्य मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर एक बड़ी प्रशासनिक व निर्माण संबंधी लापरवाही सामने आई है।

उल्लेखनीय है कि जागेश्वरी देवी मंदिर परिसर एवं मार्ग का भव्य कॉरिडोर लोक निर्माण कार्य चल रहा है। इसी निर्माण के तहत मार्ग पर एक विशाल प्रवेश द्वार बनाया गया है। लेकिन अत्यंत चिंताजनक पहलू यह है कि इस नवनिर्मित प्रवेश द्वार के ऊपर से लोहे एवं लकड़ी की जानलेवा शटरिंग-सेंटिंग काफी समय से झूल रही है।

### हादसे को खुला आमंत्रण

नवरात्रि के दौरान इस मार्ग से दिन-रात वाहनों एवं पैदल श्रद्धालुओं का निरंतर आवागमन बना हुआ है। प्रवेश द्वार के ऊपर लटक रही यह शटरिंग कभी भी किसी वाहन या श्रद्धालु पर गिर सकती है। यदि धोखे से भी यह शटरिंग नीचे आ गिरती है, तो एक भयावह और दर्दनाक हादसा होना तय है।

### ठेकेदार की बेपरवाही, प्रशासन मौन

स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं का कहना है कि निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार की यह साफ तौर पर गंभीर लापरवाही है। इतने महत्वपूर्ण एवं भीड़भाड़ वाले समय में भी लटकती हुई शटरिंग को सुरक्षात्मक दृष्टि से हटाया या व्यवस्थित नहीं किया गया है।यदि इस लापरवाही के कारण कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इस जनहानि का जम्मिदार कौन होगा? क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में है? क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं ने प्रशासन तथा संबंधित निर्माण एजेंसी से मांग की है कि किसी संभावित हादसे से पहले त्वरित संज्ञान लेते हुए इस खतरनाक शटरिंग-सेंटिंग को तत्काल हटवाया जाए, ताकि माता के दरबार में आने वाले भक्त भयमुक्त होकर दर्शन कर सकें।

कलेक्टर साकेत मालवीय ने मां बिजासन के किए दर्शन

# कदवाया के प्राचीन शिव-विष्णु मंदिरों का किया भ्रमण, होम स्टे परियोजना की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने कदवाया स्थित मां बिजासन धाम पहुंचकर दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद कलेक्टर ने कदवाया के प्राचीन शिव एवं विष्णु मंदिरों का भ्रमण किया और प्रस्तावित होम स्टे परियोजना के संबंध में जानकारी ली।

### भक्तिमय बना हुआ है माहौल

नवरात्रि के चलते मां बिजासन धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। भक्तजन मां के दरबार में जवारे अर्पित कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मां बिजासन धाम क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्रों में शामिल है, जहां नवरात्रि के दौरान आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### प्राचीन मंदिरों की बताईं विशेषताएं

कलेक्टर ने कदवाया के ऐतिहासिक शिव एवं विष्णु मंदिरों का अवलोकन किया। इस दौरान पुराविद हेमंत दुबे ने मंदिरों के ऐतिहासिक महत्व और स्थापत्य कला की विशेषताओं से उन्हें अवगत कराया। कलेक्टर ने प्रस्तावित होम स्टे परियोजना के संबंध में परियोजना समन्वयक दीपक दुबे से चर्चा कर जानकारी ली। इस परियोजना के माध्यम से कदवाया में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर विकसित करने की संभावनाएं हैं। इस दौरान नायब तहसीलदार रितु परमार, नायब तहसीलदार धुरव सिंह बुंदेला, उपसरपंच अशोक शर्मा, पटवारी अतुल राजावत, पंचायत सचिव मेहरबान लोधी और सहायक सचिव सतीश साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 'आने वाली शरद पूर्णिमा आचार्य श्री के अवतरण दिवस के रूप में भक्ति भाव से मनाई जाएगी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि आज बहुतायत में पर्व मनाए जा रहे हैं और पाश्चात्य संस्कृति का असर भी आज हमें देखने को आसानी से मिल रहा है। आज हम भी विदेशी संस्कृति की तरफ झुकते जा रहे हैं और हमारे पर्वों में भी उसकी छाप दिखने लगी है। परंतु आज भी कई परंपराएं ऐसी हैं जिनसे विदेशी लोग भी आकर्षित होते हैं। ऐसा ही भारतीय सनातन संस्कृति का महापर्व है शरद पूर्णिमा। इस शरद पूर्णिमा का महत्व जैन दर्शन में और भी बढ़ जाता है, क्योंकि आचार्य द्वय(राष्ट्र हित चिंतक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी एवम् नवाचार्य श्री समयसागर जी) का अवतरण अर्थात जन्म भी इस शरद पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। कैसा विशेष संयोग है।

उन्होंने कहा कि एक ही माँ से एक ही दिन जन्म लेना ऐसा सुनने में आता है कि उनकी माँ ने एक स्वप्न देखा था कि उन्होंने दो चारण ऋद्धि धारी मुनिराजों को आहार करवाया था। और दक्षिण भारत में बारह वर्ष का एक विशेष महत्त्व है। भगवान बाहुबली स्वामी का महा मस्तकाभिषेक भी बारह वर्ष पश्चात ही होता है। इसी प्रकार दोनों आचार्य भगवंत की गृहस्थ अवस्था की माँ का स्वप्न भी इसी शरद पूर्णिमा के दिन बारह वर्ष में पूर्ण हुआ। दो ऐसे अद्भुत प्रतिभा के धनी आचार्य द्वय का जन्म एक ही तिथि में जन्म होना और वो भी शरद पूर्णिमा के की दिन यह भी बहुत दुर्लभ संयोग है। इस संयोग को मनाने के लिये जैन समाज अशोकनगर ने पाठशाला के लिये हथकरघा के वस्त्रों का ही प्रयोग करने का संकल्प लिया और इन वस्त्रों के वितरण में मुख्य आर्थिक सहयोग के लिये महावीर स्वीट्स परिवार ने एवं कुछ आर्थिक सहयोग बगीचा जैन मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।

### एक परिवार 15 वर्षों से सजा रहा माता रानी का दरबार

# ग्राम खाकलोंन में आस्था की अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



ग्राम पंचायत के ग्राम खाकलोंन में भारतीय संस्कृति धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति का विशेष महत्व है। इसी आस्था और परंपरा की एक सुंदर मिसाल ग्राम खाकलोंन में देखने को मिलती है, जहां धर्मलाल यादव का परिवार पिछले 15 वर्षों से निरंतर माता रानी का दरबार सजाता आ रहा है। परिवार की यह परंपरा माता रानी के प्रति अटूट विश्वास, समर्पण और श्रद्धा को दर्शाती है।

धर्मलाल यादव के परिवार द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ माता रानी का दरबार सजाया जाता है। इस धार्मिक परंपरा को लगातार 15 वर्षों तक निभाना परिवार की आस्था और धार्मिक संस्कारों के प्रति समर्पण को दर्शाता है। माता रानी के दरबार में पूजा-अर्चना के माध्यम से परिवार अपनी श्रद्धा व्यक्त करता है और सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना करता है।

### 15 वर्षों से कायम है धार्मिक परंपरा

ग्राम खाकलोंन में धर्मलाल यादव के पिताजी स्व तुलसीराम यादव द्वारा पहली बार 2011 मे इसकी सुरुआत की गई थी जब माता दुर्गा जी की झांकी लगाई गई थी परिवार द्वारा निरंतर माता रानी का दरबार सजाने की परंपरा क्षेत्र में धार्मिक आस्था का एक प्रेरक उदाहरण है। समय के साथ इस परंपरा को निरंतर बनाए रखना परिवार की भक्ति और विश्वास को प्रदर्शित करता है। नवरात्रि जैसे पावन अवसरों पर मां दुर्गा की आराधना भारतीय संस्कृति की उस परंपरा का हिस्सा है, जो लोगों को श्रद्धा, सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश देती है।

### आस्था और संस्कारों का प्रतीक है माता रानी का दरबार

माता रानी की उपासना केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवार में संस्कारों, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों को बनाए रखने का माध्यम भी है। धर्मलाल यादव के परिवार द्वारा 15 वर्षों से जारी यह धार्मिक परंपरा आने वाली पीढ़ियों तक आस्था और भक्ति के संस्कार पहुंचाने की भावना को भी दर्शाती है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील गुना नगर जिला गुना म.प्र.**

क्रमांक/री.1/2026/252
गुना दिनांक 16/10/26

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वसीयतकर्ता श्री स्वर्गीय हरिसिंह यादव पुत्र हरनाम सिंह यादव द्वारा दिनांक 18/07/2023 को वसीयतग्रहीता अभय यादव पुत्र कृष्णपाल यादव, कमला बाई यादव पत्नि हरि सिह यादव निवासी वार्ड नं. 19 कुशमौदा तहसील गुना नगर जिला गुना के हित में वसीयत सम्पादित की गई है जो इस न्यायालय के प्रकरण कमांक 0838/अ-6/2026-27 ग्राम कुशमोदा में स्थित भूमि सर्वे नं0 57/4/1 रकवा 0.3870 हे., 58/1 रकवा 1.5860 हे. में से 1.1680 हे., 64 रकवा 0.4490 हे., 65 रकवा 0.0420 हे., 177/1/9 रकवा 0.1910 हे., कुल किता 5 कुल रकवा 2.1930 हे. का फौती वसीयत के आधार पर नामांतरण कराने हेतु आवदेन प्राप्त हुआ है। इस संबंध में किसी भी विधिक वारिसान या अन्य हितबृद्ध पक्षकारों को कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 22/10/2026 को आपत्ति पेश कर सकते है।

**(शालिनी भार्गव)**
**तहसीलदार**
**तहसील गुना नगर**

## खबर संक्षेप



### तीर्थ जैन का सिंधिया ने किया सम्मान

**अशोकनगर।** प्रतिभा अपने आप बोलती है, बात हो रही है, आठ वर्ष के तीर्थ जैन की, जो सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल्य के भांजे हैं। इस छोटी से उम्र में वह वुशू के खेल में स्टेट में दो गोल्ड,1 सिल्वर अर्जित कर चुके हैं। अब नेशनल वुशु चैंपियनशिप हेतु मध्यप्रदेश टीम में चयनित किया गया है। युवा संवाद में कई खेल प्रतिभाओं को पुरूस्कार प्रदान किए गए जिसमें तीर्थ जैन को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस संबंध में तीर्थ जैन केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा पूछे जाने पर सुविधाओं के बारे में बताया कि अंकल प्रैक्टिस में गिरने पर चोट लग जाती है, हमारे पास मैट नहीं है। इस मैट की सुविधा को खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि खिलाड़ियों का भविष्य बेहतर हो सके।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खालसा कॉलोनी निवासी राहुल सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेश साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहवाजपुर निवासी धर्मेन्द्र कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अथाईखेड़ा निवासी अरबिंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमित और अजय कोरी ने राजीनामा के लिए दबाव बनाया और उससे मारपीट की।

### डरा धमकाकर 1 लाख रूपए की मांग न देने पर मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम घुरवार कला निवासी चन्द्रभान जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जगभान जाटव ने उसका रास्ता रोककर डराया, धमकाया और 1 लाख रूपए की मांग की न देने पर उससे मारपीट की गई। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### कुए में डूबने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी फूल सिंह पुत्र बृजभान सिंह आदिवासी उम्र 28 साल की साकुलाल आदिवासी के कुए में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### साड़ी खरीदी और 45 लाख रुपए के चेक देकर धोखाधड़ी की गई

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थो की पुलिस ने विजयावाड़ा आंध्रप्रदेश के दो अज्ञात व्यक्तियों पर 45 लाख 69 हजार 749 रूपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला दर्ज किया है। चंदेरी के वार्ड क्रमांक 2 निवासी विजय कोली जेआरवी फैशन एवं सूर्या टेक्टाइल विजयावाड़ा आंध्रप्रदेश के परी हेण्डलूम चंदेरी के यहां से 31 मई से 13 अगस्त के बीच साड़ी खरीदने के बाद चेक प्रदान करने वाले अज्ञात व्यक्ति हैं।

### तीसरा स्थान गरबा महोत्सव में प्राप्त करने पर सम्मान किया गया

**अशोकनगर।** रजवाड़ा रास गरबा महोत्सव में पंजाबी महिला समिति की सदस्यों द्वारा गरबा नृत्य करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसमें पुरस्कार के रूप में 3100 नगद एवं शील्ड प्राप्त हुई। इस प्रकार का आयोजन नवदुर्गा के त्यौहार मे गरबा करके हमारी नौ देवी की शक्तियों का रूप नृत्य के रूप में प्रस्तुत करके परस्पर प्रेम एवं धार्मिक आस्था को प्रदर्शित किया जाता है। इसमें सभी मेंबर्स द्वारा पूरे जोश एवं उमंग के साथ गरबा किया।

---

दक्षिण कोरिया से चौथी बेटी का फोन आया तब पुलिस मौके पर पहुंची

# दो बेटियों के बाद तीसरी बेटी ने भी फांसी लगाकर की खुदकुशी

**पिता समझ रहा था बेटी किचिन में रोटी बना रही है, 24 घंटे शव फांसी के फंदे पर लटका रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। यहां घर की चार बेटियों में से 2 बेटी पहले ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर चुकी हैं, तीसरी बेटी ने भी फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बेटी का शव 24 घण्टे से फांसी के फंदे पर लटका रहा, पिता समझ रहा था बेटी घर के किचिन में रोटी बना रही है। लेकिन मामले का खुलासा तब हुआ जब दक्षिण कोरिया से चैथी बेटी का फोन भोपाल पुलिस को पहुंचा, वहां से डायल 112 अशोकनगर को सूचना दी गई, तब पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया।

#### दक्षिण कोरिया से चौथी बेटी ने फोन लगाया, तब पुलिस पहुंची

यह पूरा मामला विनीत टॉकीज के पास निवासरत चांद खां के परिवार का है, 102 वर्षीय हाजी चांद खां की चैथी बेटी शवाना ने दक्षिण कोरिया में शादी की है वहां से उसने अशोकनगर में अपनी बहन रूखसाना को फोन लगाया लेकिन जब उसका फोन नहीं उठा, तब उसे शंका हुई फिर उसने कई बार





फोन लगाया हर बार ऐसा ही हुआ, तब उसने भोपाल पुलिस को डायल 112 के कंट्रोल रूम को सूचना दी, वहां अशोकनगर डायल 112 को सूचना दी गई,जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तब देखा कि चांद खां की पुत्री रूखसाना उम्र 26 साल फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी जब पिता से पूछताछ की गई, तब पिता ने कहा कि वह किचिन में खाना बना रही होगी, पिता को पता नहीं था कि उसकी बेटी फांसी लगा चुकी है। 24 घण्टे बाद रूखसाना के शव को फांसी के फंदे से उतारा गया।

#### चांद खां की दो बेटियां पहले भी लगा चुकी हैं फांसी

102 वर्षीय चांद खां की बड़ी बेटी मलका 13 वर्ष पहले फांसी लगा चुकी है, जिसके बाद 10 साल पहले मुमताज भी फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुकी है, अब तीसरी बेटी ने फांसी लगाकर जान दे दी। चांद खां के परिवार में 4 बेटियां थी जिनमें 3 बेटी फांसी लगाकर आत्महत्या कर चुकी हैं। चैथी बेटी दक्षिण कोरिया में है। अब उसके परिवार में चांद खां के अलावा कोई नहीं है जो एक बेटी है वह दक्षिण कोरिया में है।

#### चांद खां की चार शादियां हुईं

चांद खां के जीवन के कहानी भी अलग है, चांद खां की चार शादियां हुईं, पहली पत्नि बच्चे न होने से छोड़कर चली गई, दूसरे पत्नि भी छोड़ गई, तीसरी पत्नि की मौत हो गई थी, चैथी जिस महिला से शादी की थी वह 3 बच्ची लेकर साथ में आई थी, एक बच्ची के पिता स्वयं चांद खां हैं।

#### दो साल पहले मना चुके हैं अपना 100वां जन्मदिन

चांद खां दो साल पहले अपना 100वा जन्म दिन खेजरा गांव में मना चुके हैं। अशोकनगर में उनका एक मार्केट विनीत टॉकीज के पास हैं जिसमें 5 दुकानें हैं और खुद की कृषि भूमि भी है। काम करने के दिनों में चांद खां रेडियों की दुकान भी चला चुके हैं। उक्त घटनाक्रम की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में जमा हो गए। जिस कमरे में फांसी में लगाई गई थी उस कमरे में पहले स्प्रे किया गया, बाद में शव को फांसी के फंदे से उतारा गया, पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

#### इनका कहना है

चांद खां की बेटी रूखसार खान ने 24 घण्टे पहले अपने घर की किचिन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भोपाल में डायल 112 के कंट्रोल रूम को दक्षिण कोरिया से उनकी चैथी बेटी द्वारा फोन किया गया था, वहां से सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी, जिसके बाद शव को फांसी के फंदे से उतारा गया। दो बहने पहले भी आत्महत्या कर चुकी हैं।

**रवि प्रताप सिंह चैहान** टीआई सिटी कोतवाली

चांद खां का मार्केट है उसमें कई दुकाने हैं पहले मेरी भी दुकान थी, उनकी दो बेटियां मलका और मुमताज पहले फांसी लगा चुकी हैं, दो साल पहले चांद खां ने अपना 100वां जन्म दिन मनाया था। उनकी बेटी ने दक्षिण कोरिया से फोन किया तब पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई है। चांद खान की चार शादियां हुई थीं। यह चैथी पत्नि की संताने हैं।

**पड़ौसी अलीम खान** डीजे संचालक

---

पुलिस की तत्परता से परिवारजनों से मिलाया

# झांकियों में परिवार के साथ आए दो बालक गुम हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीती रात शहर में झांकिया देखने के लिए आए ईसागढ और अशोकनगर में दो परिवारों के बच्चे अलग अलग स्थानों से अपने परिवार से बिछुड गए थे। जिसकी जानकारी परिवार जनों द्वारा पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस ने दोनों बालकों को सकुशल उनके परिवारजनों से मिलाया।

17 अक्टूबर 2026 की रात्रि लगभग 11.30 बजे शहर हाथी दरवाजा पर यातायात व्यवस्था हेतु ड्यूटी पर तैनात यातायात आरक्षक संजीत कुशवाह को एक बालक रोता हुआ मिला। बालक की पहचान कान्हा कुशवाह, पिता अशोक कुशवाह, निवासी ब्राइट कॉलोनी के रूप में हुई। वह अपने माता-पिता के साथ नवदुर्गा झांकियों के दर्शन करने आया था, इसी दौरान भीड़भाड़ में अपने परिवार से बिछड़ गया था। यातायात आरक्षक संजीत कुशवाह द्वारा बालक को शांत कर उसके माता-पिता का नाम एवं निवास स्थान जानने का प्रयास किया गया, लेकिन घबराहट के कारण बालक स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा था। ऐसी स्थिति में यातायात आरक्षक संजीत कुशवाह ने थाना



कोतवाली की चीता मोबाइल में ड्यूटी कर रहे आरक्षक पवन धाकड़ के साथ मिलकर बालक द्वारा बताए गए स्थानों के आधार पर उसके घर तक पहुंचने का प्रयास किया।

इसी प्रकार थाना ईसागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए माता-पिता से बिछड़े एक बालक को मात्र 4 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। उल्लेखनीय है कि बालक के बिछड़ने की सूचना प्राप्त होते ही थाना ईसागढ़ पुलिस ने तत्परता से उसकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन एवं आवश्यक पूछताछ कर बालक को सकुशल खोज निकाला और आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपने बच्चे को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली ।

---

रामेश्वरम स्थापना और लंका प्रस्थान का हुआ भव्य मंचन।

# श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला में विभीषण शरणागति

**अशोकनगर।** स्थानीय सुभाषगंज स्थित रामलीला मंच पर श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा आयोजित रामलीला के 12वें दिन की लीला का मंचन रात्रि 9 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रामायण, भगवान गणेश, भगवान श्रीराम-लक्ष्मण एवं हनुमान जी की आरती के साथ हुआ। आरती दशहरा शक्ति समिति के अध्यक्ष राव देशराज सिंह, जय मंडल यादव एवं उनके साथियों द्वारा की गई।

लीला के प्रथम प्रसंग में हनुमान जी माता सीता की खोज की सूचना लेकर भगवान श्रीराम के पास पहुंचते हैं। माता सीता का समाचार मिलने के बाद भगवान श्रीराम अपनी सेना के साथ लंका की ओर प्रस्थान करते हैं। समुद्र के किनारे पहुंचकर विशाल जलराशि को पार करने की चिंता सामने आती है। इसी बीच लंका में रावण को श्रीराम की सेना के समुद्र तट तक पहुंचने की सूचना मिलती है। रावण की पत्नी मंदोदरी उसे समझाने का प्रयास करती हैं, लेकिन अहंकार में डूबा रावण उनकी बात नहीं मानता। इसके बाद रावण अपनी सभा में बैठता है, जहां उसका भाई विभीषण उसे भगवान श्रीराम से वैर त्यागकर माता सीता को सम्मानपूर्वक वापस लौटाने की सलाह देता है। विभीषण की उचित सलाह से क्रोधित होकर रावण उसे अपमानित कर लात मारकर लंका से निष्कासित कर देता है।

इसके बाद विभीषण भगवान श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं। भगवान श्रीराम उनकी शरणागति स्वीकार करते हुए उन्हें अपने पक्ष में शामिल कर लेते हैं और भविष्य में लंका का राजा घोषित करते हैं। यह प्रसंग धर्म, शरणागत की रक्षा और अधर्म के विरुद्ध खड़े होने का संदेश देता है। लीला के अगले प्रसंग में रावण अपने दूतों को श्रीराम की सेना की गतिविधियों का पता लगाने के



लिए भेजता है। गुप्त रूप से सेना में शामिल होकर जानकारी जुटाने वाले दूतों को पकड़ लिया जाता है और लक्ष्मण जी के माध्यम से उन्हें संदेश दिया जाता है। वापस लौटकर दूत रावण को श्रीराम की सेना की तैयारियों की जानकारी देते हैं। रामलीला में रामेश्वरम की स्थापना, वानर सेना के साथ समुद्र पार कर, लंका की ओर प्रस्थान करने का दृश्य दिखाया गया।

#### इन कलाकारों ने निभाई प्रमुख भूमिकाएं

रामलीला में भगवान श्रीराम की भूमिका आर्यन शर्मा, लक्ष्मण की सुमित श्रीवास्तव, हनुमान जी की सत्येंद्र रघुवंशी, रावण की प्रदीप चैधरी, मेघनाद की राज नारायण चैधरी, विभीषण की वीर सिंह जाट, सुग्रीव की शिव कुमार शर्मा, जामवंत की सतीश शर्मा तथा अंगद की भूमिका भव्यांश शर्मा ने निभाई। वानर सेना के पात्रों में धैर्य शर्मा, वेदांत शर्मा, कनिष्का शर्मा एवं आदित्य शर्मा ने अभिनय किया। कथा वाचन एवं सुंदर चैपाइयों का गायन कथावाचक चंद्रमोहन मिश्रा ने अपने मुखारविंद से किया। संगीत पक्ष में राकेश पाठक ने सुंदर संगीत प्रस्तुत किया, जबकि तबले पर लाला पटेल ने संगत दी।

---

# रावण का पुतला पिंक कलर का, कुंभकरण गोल्डन और मेघनाथ सिल्वर कलर का होगा

**दशहरा पर्व पर आकर्षक आतिशबाजी के साथ होगा पुतलों का दहन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दशहरा पर्व पर इस बार रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले नई पोशाक में नजर आएगें। पिछले कई वर्षों से इन पुतलों को नीला रंग देकर बनाया जा रहा था, लेकिन इस बार तीनों पुतले एक रंग के न होकर अलग अलग रंग के होगें। इस बार लंकापति रावण का पुतला पिंक कलर का होगा,कुम्भकरण के पुतले का कलर गोल्डन कलर नजर आएगा, और मेघनाथ के पुतले का कलर सिल्वर होगा।

दशहरा उत्सव समिति की ओर से अध्यक्ष डॉ जयमण्डल यादव सहसचिव तेजेंदिन्दर खुराना और हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अशोकनगर में दशहरा उत्सव की शानदार परंपरा रही है। इस बार भी इस परंपरा के चलते रावण कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। इन पुतलों के निर्माण का काम पूरा हो गया है आयोजन स्थल पर इस बार व्यापक तैयारियां की गई है। रावण के पुतले को 50 फीट का तथा सिर 5 फिट का बनाया गया है, इसी प्रकार कुंभकरण के पुतले को 25 फुट का बनाया गया है तथा मेघनाथ का 11 फुट का पुतला बनाया गया है। इन तीनों पुतलों के निर्माण के साथ आयोजन स्थल पर आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। इस बार दूधिया और रंगीन रोशनी के नजारे इस दशहरा मैदान पर देखने मिलेंगे। यहां बड़ी संख्या में शहर और गांव के लोग शामिल



होते हैं इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि होंगे।

पुतला निर्माण कर रहे चुन्नीलाल माहौर के छोटे पुत्र रामचरण माहौर ने बताया कि इस बार इन पुतलों का निर्माण पिछले एक माह से किया जा रहा है, इन पुतलों का निर्माण वह पिछले 13 साल से कर रहे हैं, और 40 साल तक इन पुतलों का निर्माण उनके पिता कर चुके हैं। उन्होंने मोची बाबा से पुतला बनाने का काम सीखा था, 53 साल पहले मोची बाबा पुतले का निर्माण करते रहे। अशोकनगर में पिछले 80 सालों से दशहरा उत्सव मनाया जा रहा है। इसकी शुरूआत पृथ्वीराज बत्रा, गुडलक परिवार के द्वारा की गई थी। जब से यह परंपरा लगातार जारी है, इन पुतलों का निर्माण करने के लिए सामग्री रामचरण माहौर के अनुसार उन्हीं को लाना पड़ती है। यह पुतले बांस, ताव,अखबार सुतली पुरानी साड़ियां आदि किया जाता है। सामग्री और मेहनत उन्हीं की रहती है। समिति द्वारा जो भी राशि दी जाती है उसे हम स्वीकार कर लेते हैं।

अशोकनगर में दशहरा पर्व के लिए कोई स्थान नहीं है इस कारण दशहरा पर रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले मोहरी के स्टेडियम में गल्ला मंडी के समीप दशहरा पर्व के रूप में इनका दहन किया जाता है। विजयादशमी पर एक चल समारोह भी निकाला जाएगा जो गयाप्रसाद कलाकार मण्डल सुभाषगंज से आयोजन स्थल की ओर रवाना होगा। भगवान राम और रावण की सेनाएं रथों पर सवार होकर आयोजन स्थल पर पहुंचेगीं।

---

विभिन्न स्वरूपों में सजीं देवी मां की झांकियां श्रद्धालुओं को कर रहीं हैं आकर्षित

# शहर में नवरात्रि के पर्व पर झांकियों को देखने उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में नवरात्रि के पर्व पर 100 से अधिक स्थानों पर लगीं झांकिया श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केन्द्र बनीं हैं। इन झांकियों को देखने और निहारने के लिए जनसैलाव सड़कों पर उतर आया है। भीड़ इतनी है कि निकलना मुश्किल हो रहा है, शहर नवरात्रि के मौके पर दुल्हन की तरह सजा है सड़कों के दोनों ओर छोटे-छोटे दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा रखी हैं। झांकियों में आरती के आयोजन देखते ही बनते हैं।

नवरात्रि महापर्व अशोकनगर शहर का धार्मिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक आयोजन है। इस शहर में जितने भी पर्व मनाए जाते हैं उसमें नवरात्रि पर्व की अलग भूमिका है यह पर्व भक्ति का संदेश लेकर आता है। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी इस आयोजन में ऐसे रम जाते हैं जैसे देवी मां ने भक्ति करने के लिए बुलाया हो। घर घर द्वार-द्वार रंगोली सजाई गईं हैं। शहर के हर गली और मोहल्ले से लेकर घर-घर पर देवी मां की आराधना के स्वर गूंज रहे हैं पूरा शहर भक्तिमय हो गया है।

झांकी के बाहर श्रद्धालुओं का समूह नजर आता है। गाजे बांजों के साथ शुरूआत होती है पूरा आयोजन स्थल माता की जयकारों से गूंज रहा है। जगह-जगह माता के भक्ति गीत गूंज रहे हैं। हर श्रृद्धालु अपने अपने ढंग से माता की आराधना कर रहा है। व्रत और उपवास के दौर चल रहे हैं, ऐसे कई











परिवार की महिलाएं भी नवरात्रि का पर्व आने से खुश हैं क्योंकि उनके परिवार के कई सदस्य नशा छोड़ देते हैं जिससे परिवार में सुख शांति रहती है। इन झांकियां में एक शक्ति भजन मंडल की झांकी भी है जो अशोकनगर शहर की सबसे पहली झांकी है जहां से इस आयोजन की शुरुआत हुई थी और इस आयोजन ने एक बड़ा रूप धारण कर लिया। अब शहर में सबसे अधिक झांकियां लगती है, 50 साल के लगभग का इतिहास झांकियां से जुड़ गया है। पहले कभी गणेश उत्सव पर झांकी लगती थी। आज नवरात्रि पर झांकियां लग रही हैं। इसके अलावा तुलसी कॉलोनी, इन्द्रापार्क, पटेल पार्क, पछाड़ी खेडा, गांधी पार्क, रेल फाटक के पास की झांकी, नहर कॉलोनी चंदेरी रोड आदि झांकियां शहर में अलग अलग प्रकार से संजी हैं। पूरे शहर में आकर्षक विधुत की सजावट है, अष्टमी के दिन भी अनेक परिवारों ने अष्टमी की पूजा की झांकी स्थलों पर नवमी के पर्व के बाद हवन और भण्डारे के आयोजन होगें।

#### दुर्गा अष्टमी पर 8 कन्याओं का पूजन किया गया



**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रि के अष्टम दिवस पर आठ कन्याओं का पांचोंपचार से पूजन किया गया। उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया एवं उनको भेंट स्वरूप में चुनरिया प्रदान की, आचार्य गुरु ब्राह्मण को शाल श्रीफल देकर आशीर्वाद लिया। मार्कंडेय पुराण के अनुसार दुर्गा सप्तशती के अष्टम पाठ पर देवी सूक्त का पाठ करते हुए पुजारी किशन लाल मिश्रा नेसिद्ध कुंज का स्त्रोत से हवन किया। उन्होंने बताया कि यह कुंज का स्त्रोत अति गोपनीय है नास्तिक व्यक्ति को नहीं बताना चाहिए इस पाठ को श्रद्धा बान साधक ही कर सकते हैं श्रद्धालुओं ने सभी कन्याओं एवं सभी भक्तों को खीर का प्रसाद वितरण किया एवं फलों का वितरण प्रतिदिन की भांति दोनों समय आज भी किया गया। उसके बाद महा आरती की गई, दोपहर में श्री सूक्त द्वारा हवन किया गया।

### 18 किमी पदयात्रा करते हुए जालपा धाम पहुंची यात्रा, जयकारों से गूंजा दरबार

# करेड़ी क्षेत्रवासियों ने लगातार 14वें वर्ष निकाली भव्य चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पिछले नौ दिनों से जिलेवासी माता की भक्ति में रमे हुए हैं। स्थान-स्थान पर चुनरी यात्राओं, कन्या भोज, भंडारे, भंजन संध्या, गरबा सहित अन्य धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। इसी कड़ी में नवरात्रि की अष्टमी पर मुख्यालय समीपस्थ करेड़ी सहित आसपास के बाशिंदों ने लगातार 14 वर्ष मां जालपा चुनरी यात्रा का आयोजन किया। मां शैलपुत्री नवदुर्गा उत्सव समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से माता की चुनरी को थामे करीब 18 किमी की पदयात्रा करते हुए सभी मां जालपा धाम पहुंचे। ढोल-ढमाकों और डीजे पर माता के भजनों की प्रस्तुति पर 256 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकालते हुए सभी ने जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।

## पूजा-अर्चना उपरान्त आरंभ हुई यात्रा

रविवार को ग्राम करेड़ी के शीतला माता मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई। डीजे पर गूंजते माता के भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा, बच्चे और बुजुर्ग उत्साह के साथ शामिल हुए। कोई मां के जयकारे लगाता नजर आया तो कोई भजनों की धुन पर झूमते हुए आगे बढ़ता रहा। 18 किलोमीटर का रास्ता श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ तय किया।



## बरसे फूल, फलाहार और शीतल जल से सेवा

करेड़ी से राजगढ़ स्थित मां जालपा धाम तक निकली चुनरी यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। कुंडीबे जोड़, नाना गांव, बरखेड़ा, सरेड़ी जोड़, मंडी गेट, खिलचीपुर नाका और देवझिरी सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और धार्मिक बंधुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। पदयात्रियों के लिए फलाहार और शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। जगह-जगह मिले इस स्वागत से यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया।

## 14 साल से निभा रहे आस्था की परंपरा

ग्राम करेड़ी से लगातार 14वें वर्ष निकाली गई चुनरी यात्रा में ग्रामीणों की भागीदारी और श्रद्धा देखने लायक रही। महिला-पुरुषों के साथ बच्चों और बुजुर्गों ने भी पैदल चलकर मां के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। मां जालपा के दरबार में श्रद्धालुओं ने जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। साथ ही क्षेत्र में आपसी प्रेम, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव बना रहने की प्रार्थना की। चुनरी यात्रा में ग्राम करेड़ी के ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में धार्मिक बंधु, माताएं-बहनें और अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

# नेशनल हाईवे पर खड़ी बस में ट्रक घुसा आठ यात्री घायल, एक शाजापुर रेफर

### नेशनल हाईवे पर सुबह छह बजे हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह करीब 6 बजे यात्रियों से भरी एक खड़ी बस में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। इनमें पांच गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि दो को मामूली चोटें आईं। एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, कमला बस क्रमांक यूपी 78 सी इंदौर से अशोकनगर जा रही थी। सारंगपुर नेशनल हाईवे पर यात्रियों को बाथरूम कराने के लिए बस रोकी गई थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 32 क्यूएन 3488 ने बस को टक्कर मार दी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे।

## हादसे में यह हुए घायल

हादसे में देवेंद्र पिता राजू केवट (17), निवासी बजरंगगढ़, महक पिता जितेंद्र वंशकार (17), निवासी ललितपुर, पिंकी पति रामसेवक अहिरवार (23), निवासी अशोकनगर, राधिका पिता गोपाल वंशकार (16), निवासी मुंगावली, बस चालक जितेंद्र पिता हरिसिंह रघुवंशी (42), निवासी डगोरपुर, सोनू पिता हरिसिंह (36), निवासी अशोकनगर, गंगाराम पिता रघुवर अहिरवार (36), निवासी सेमरा पहाड़ और रविशंकर पिता जागरणरायण यादव (45), निवासी लखनऊ घायल हुए।

## सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस



घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। वहीं, ट्रक चालक को ट्रक सहित पुलिस ने हिरासत में ले लिया। अन्य यात्रियों के सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी ने उनके गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरी बस की व्यवस्था कराई। जानकारी लगने पर राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने मरीजों का हाल जाना।

### दो घंटे तक बहता रहा हजारों लीटर पानी

# केबल डालने के दौरान फूटी पानी की पाइपलाइन, आपूर्ति प्रभावित



**सारंगपुर।** नगर में एक कंपनी द्वारा जमीन के अंदर केबल डालने का काम किया जा रहा है। इस दौरान सिविल अस्पताल के सामने आड़ी बोरिंग करते समय पानी की पाइपलाइन फूट गई। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया। करीब दो घंटे तक पानी बहता रहा, जिससे पानी की बर्बादी हुई। वहीं, पाइपलाइन फूटने के कारण आसपास के कई घरों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई और रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, एक कंपनी की ओर से नगर में केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसी काम के दौरान सिविल अस्पताल के सामने जमीन के नीचे आड़ी बोरिंग की जा रही थी। इसी दौरान पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें से पानी बहने लगा। पाइपलाइन फूटने के बाद सड़क पर पानी फैल गया। इसके बावजूद करीब दो घंटे तक पानी बहता रहा, जिससे बड़ी मात्रा में पेयजल बर्बाद हो गया। सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। नगर पालिका अमले ने स्थिति का जायजा लिया और कंपनी के मैनेजर को फटकार लगाते हुए क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने का असर जलापूर्ति पर भी पड़ा। आसपास के कई घरों में पानी नहीं पहुंचने से रहवासियों को परेशानी झेलनी पड़ी। घटना ने केबल बिछाने के दौरान जमीन के नीचे मौजूद पाइपलाइन की सुरक्षा और सावधानीपूर्वक काम करने की आवश्यकता को उजागर किया है।

### अस्पताल के रिकॉर्ड समेत सभी पहलुओं की जांच शुरू

# नवजात बालिका का शव मिलने से नगर में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

एक ओर शारदीय नवरात्रि के दौरान नगर में मां दुर्गा की आराधना, अखंड ज्योत, यज्ञ-हवन और कन्या भोज के आयोजन किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुरावर में नवजात बालिका का शव नाले में मिलने का मामला सामने आया है। नगर परिषद क्षेत्र के लसूड़िया रामनाथ स्थित वार्ड क्रमांक-2 के भील मोहल्ले में सरकारी स्कूल के पीछे बने नाले में नवजात का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना वार्ड क्रमांक-1 के पार्षद दिलीप सिंह बना ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए नरसिंहगढ़ भेजा। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## खेल रहे बच्चों की नजर पड़ी, परिजनों ने पुलिस को दी सूचना

जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 12 बजे कुछ छोटे बच्चे नाले के समीप खेल रहे थे। इसी दौरान एक बच्चे ने नाले में पानी के ऊपर तैरता हुआ नवजात का शव देखा। बच्चे ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र मवई और उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने नवजात के शव को नाले से बाहर निकलवाया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## जन्म के 24 घंटे भी पूरे नहीं होने की आशंका

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नवजात के शव की स्थिति को देखते हुए उसके जन्म को 24 घंटे से कम समय होने की आशंका जताई जा रही है। शव बालिका का बताया जा रहा है। पुलिस को नवजात के शरीर पर गर्भनाल (अंबिलिकल कॉर्ड) भी लगी मिली। इससे जन्म के तुरंत बाद उसे नाले में फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि, जन्म के समय और मृत्यु के कारणों की आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा चिकित्सकीय जांच के बाद ही हो सकेगी। मामले पुलिस का कहना है कि मोहल्ले से सूचना मिली थी कि नाले में एक नवजात का शव तैरता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए नरसिंहगढ़ भेजा है। मामले में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। डीएनए और फोरेंसिक जांच के माध्यम से आगे की जांच की जाएगी।

### शीतला माता की सामूहिक आरती उतारी

# शीतला माता मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

शीतला माता मंदिर पर कन्या भोज एवं कन्या पाद पूजन का आयोजन हुआ। महिला मंडल द्वारा आयोजित शारदीय नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष में 23 वें वर्ष में जगत जननी शीतला माता के दरबार में कन्या भोज का आयोजन में शीतला माता की पूजा अर्चना चुनरी चढ़ाकर सामुहिक आरती उतारी गई।

तत्पश्चात कन्या भोज प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं ने सम्मिलित होकर महाप्रसादी ग्रहण की। महिला मंडल सदस्यों द्वारा कुमकुम अक्षत से तिलक लगाकर पाव पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। नगर स्थित शीतला माता के दरबार में जो भक्त सच्चे मन से हाजिरी लगाते हैं माता रानी सबकी मुरादें पूरी करती है, यही नहीं यहां पर हर जाति धर्म के लोग विवाह समारोह के पूर्व माता पूजन करने पहुंचते हैं। जहां पर शादी विवाह लग्न सरा के समय एक दिन में कभी कभी तो लगभग दस से बीस वर बधु माता पूजन करने पहुंचते हैं जो क्रम से पुजा अर्चना करके मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ करते हैं। यहां पर नवरात्रि में प्रतिदिन माताजी वाला सोनी परिवार द्वारा संध्या आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन पहुंच कर मां शीतला के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करते हैं।



# चैतन्य देवियों की झांकी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, अतिथियों ने की महाआरती



**जीरापुर।** नवरात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधायक कार्यालय के पास, नगर पालिका के सामने आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान गणमान्य अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलन कर झांकी का शुभारंभ किया तथा महाआरती कर धर्मलाभ लिया। कार्यक्रम में जीरापुर के चिकित्सक एवं केमिस्ट, जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, राजगढ़ से अरविंद सक्सेना, जीरापुर से ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी, ब्यावरा से ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, पचोर से ब्रह्माकुमारी वैशाली दीदी, खिलचीपुर से ब्रह्माकुमारी नीलू दीदी एवं तलेन से ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। संस्था की ओर से अतिथियों का तिलक एवं पट्टा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। झांकी में मां काली, मां महागौरी, मां शीतला, मां सरस्वती, मां बिजासन, मां दुर्गा, मां अन्नपूर्णा और मां लक्ष्मी के स्वरूपों के दर्शन हुए। ब्रह्माकुमारी संस्थान की समर्पित राजयोगिनी दीदियों ने देवी स्वरूप में दर्शन देकर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। आयोजन में खिलचीपुर, छापीहेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

# महावीर आश्रम बड़ाबाग में 22 को भंडारे का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया



शारदीय नवरात्रि के समापन अवसर पर नगर में धार्मिक उल्लास देखने को मिलेगा। स्थानीय महावीर आश्रम बड़ाबाग में 22 अक्टूबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार भंडारा शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा, जो देर रात तक चलेगा। आयोजन को लेकर महावीर आश्रम सेवा समिति द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। अनुमान है कि भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

# रात भर चल रहा स्वामित्व रजिस्ट्री का काम

**मोयलीकला।** स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि और मकानों का कानूनी मालिकाना हक दिलाने के लिए स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। इस कार्य में सर्वर और इंटरनेट नेटवर्क की समस्या बाधा बन रही है। दिन के समय बिजली की कटौती और नेटवर्क संबंधी दिक्कतों के कारण रजिस्ट्रेशन का काम प्रभावित होता है।

ऐसे में नरसिंहगढ़ तहसील के मोयलीकला में पटवारी विजय साहू ने ग्रामीणों का काम समय पर पूरा करने के लिए अलग तरीका अपनाया है। सर्वर पर कम दबाव और बेहतर नेटवर्क की संभावना को देखते हुए पटवारी विजय साहू देर रात तक गांव में काम कर रहे हैं। रात 3 बजे तक रजिस्ट्रेशन का कार्य करते हुए एक ही दिन में 29 रजिस्ट्री की हैं, ताकि ग्रामीणों को अपने काम के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उनकी इस पहल का उद्देश्य स्वामित्व योजना से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करना और ग्रामीणों को जल्द से जल्द आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाना है।



# आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों से बच्चों को दें श्रेष्ठ संस्कार : भाग्यलक्ष्मी

### सात दिवसीय नवरात्रि ज्ञान महोत्सव का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीप ग्राम बिगनोदीपुरा में आयोजित सात दिवसीय नवरात्रि ज्ञान महोत्सव का समापन आध्यात्मिक ज्ञान, सकारात्मक चिंतन और जीवन में श्रेष्ठ संस्कार अपनाने के प्रेरणादायी संदेश के साथ हुआ। महोत्सव के दौरान ब्रह्माकुमारीज द्वारा ग्रामीणों को धार्मिक-आध्यात्मिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, पारिवारिक सुख-शांति और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने अपने उद्बोधन के माध्यम से बताया कि नवरात्रि केवल देवी आराधना का पर्व नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर छिपी शक्तियों को जागृत करने और जीवन को श्रेष्ठ बनाने का अवसर भी है।

जिस प्रकार देवी के विभिन्न स्वरूप शक्ति, साहस, ज्ञान और पवित्रता के प्रतीक हैं, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में इन गुणों को धारण कर परिवार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। महोत्सव के दौरान प्रवचनकर्ता ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने गीता-महाभारत और रामायण पर आधारित आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से लोगों को जीवन में सद्गुण अपनाने, व्यसनों से दूर रहने तथा आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना विकसित करने की कला सिखाई।

सात दिनों तक चले इस ज्ञान महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाना रहा। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों को अपने जीवन में श्रेष्ठ संस्कार अपनाने, बुराइयों का त्याग करने और परिवार व समाज को सुखी एवं संस्कारवान बनाने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिगनोदी पुरा के सदस्य जनो का सहयोग रहा साथ ही आस पास के ग्रामीण जन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में हो रहा आयोजन

# रामलीला में रावण-विभीषण प्रसंग का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 16 दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आदर्श लीलाओं का श्रद्धालु भक्तों को अभिभूत करते मंचन में प्रतिदिन सारगर्भित चौपाइयों और प्रेरणादायी प्रसंगों का सजीव मंचन किया जा रहा है। रामलीला के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा, सत्य, सदाचार सौहार्द का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार रात्रि को रामलीला में रावण-विभीषण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया।

अहंकार में डूबे रावण ने अपने भाई विभीषण की बातों को अनसुना करते हुए विभीषण को अपमानित किया और लात मारकर लंका से निकाल दिया। इसके बाद विभीषण ने भगवान श्रीराम की शरण में जाने का निर्णय लिया और रामादल में पहुंचकर प्रभु श्रीराम के समक्ष अपनी शरणागति व्यक्त की। भगवान श्रीराम ने विभीषण को शरण देकर अपने उदार एवं करुणामय स्वरूप का परिचय दिया। इसके पश्चात विभीषण के राज्याभिषेक का प्रसंग प्रस्तुत किया गया , जिसने दर्शकों को धर्म की विजय और अधर्म के विनाश का संदेश दिया। वहीं रामेश्वरम स्थापना के प्रसंग का भी भव्य मंचन किया गया। इन प्रसंगों के दौरान कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से रामायण की घटनाओं को मंच पर जीवंत कर दिया।

## रामलीला देखने के लिए दर्शनार्थियों की उमड़ रही भीड़

विगत 54 वर्ष से संचालित रामलीला में स्थानीय कलाकार जिसमें बच्चों से लेकर सर्वाधिक 76 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक मोहनलाल पुष्पद मंच संचालन से लेकर विभिन्न पत्रों के रूप में सेवा देते आ रहे हैं लंबे समय से समस्त पात्रों का सुंदर मेकअप मोहनलाल गुप्ता करते आ रहे हैं, तथा राम जी का किरदार दिलीप जमींदार, सीता माता -ईश्वर दांगी, लक्ष्मण- प्रकाश गौड़ एवं रावण का किरदार इस वर्ष योगेश अग्रवाल एवं अशोक दांती, हनुमान जी - शानू जोशी एवं अशोक सेन, व्यास पीठ से गोपाल आचार्य तथा भिन्न-भिन्न पत्रों के रूप में स्टेज प्रभारी गिरिराज जुलानिया, भेरूलाल दांगी , अर्जुन सिंह मंडलोई एवं पात्र मयंक उपाध्याय, दिनेश तिवारी, द्वारिकेश नागर, कमल मंडलोई, राधे जोशी, दिव्यांशी तिवारी, कन्हैयालाल, स्वप्निल आचार्य, अमन्त तिवारी, मुकेश मालाकार, विजय बैरागी, जीवन कुंभकार, मनीष बैरागी, चेतन कुंभकार , लखन दांगी, गौरव भावसार, लक्की शर्मा, गिरधारी योगी, रोडमल सेन, परशुराम मंडलोई सेवाएं देकर पुनीत कार्य में अपनी विशेष सहभागिता देकर धार्मिक संवादों, चौपाइयों और प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल द्वारा आयोजित यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में भगवान श्रीराम के आदर्शों और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का माध्यम बन रहा है।